>

Title : Construction of bunkers by Nepalese Maoists along the Indo-Nepal border.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): माननीय सभापति महोदय, मैं सदन का ध्यान उत्तर प्रदेश से लगी हुई भारत-नेपाल सीमा की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। भारत-नेपाल सीमा में उत्तर प्रदेश के चार जनपदों महाराजगंज, कुशी नगर, श्रावस्ती और बहराइच, में नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में माओवादियों ने बंकर बनाए हैं। सोहंगीबरवा भारत का क्षेत्र है, महाराजगंज का क्षेत्र है, यहां तक खबरें आई हैं कि यहां माओवादियों ने अपने प्रशिक्षण शिविर तक स्थापित किए हैं। चूंकि यह क्षेत्र बहुत घने जंगलों से घिरा हुआ है इसलिए वहां आवागमन के साधन नहीं हैं जिसके कारण वहां न जो एसएसबी जा सकती है और न स्थानीय पुलिस जा सकती है। एनडीए सरकार के समय में भारत-नेपाल की खुली सीमा को देखते हुए तत्कालीन गृह मंत्री जी से हमारे आग्रह करने पर एसएसबी तैनात की गई थी लेकिन आज वहां पूरा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर वहां पूरे तरीके से नेपाल के माओवादी बंकर स्थापित करने और भारत विरोधी नक्सलवादी और माओवादी गतिविधियों को संचालित करने में सफल होते हैं तो यह भारत की उत्तरी सीमा की सुरक्षा के साथ उत्तर प्रदेश और बिहार की सुरक्षा के लिए अत्यंत खतरनाक होगा। मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहूंगा कि जो बंकर सोहंगीबरवा क्षेत्र, जो जनपद महाराजगंज उत्तर प्रदेश का एक हिस्सा है, कुशीनगर, श्रावस्ती, बहराइच में स्थापित किए हैं उन्हें तत्काल नष्ट किया जाए। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और इन्हें नेस्तनाबूत किया जाए।